### कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित स्टेंडिग कमेटी की बैठक में दी गई मतदाता सूची

# 22828 नये वोटर्स के साथ जिले में अब 9 लाख 56 हजार 238 मतदाता, 3377 किये विलोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को जिले के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। जिले की अंतिम मतदाता सूची में कुल 9 लाख 56 हजार 238 मतदाता शामिल है। इसमें 22 हजार 828 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधयों की स्टेंडिग कमेटी की बैठक में शनिवार को यह जानकारी और मतदाता सूची की प्रतियॉ भी सौंपी गई है।

इस दौरान उपजिला निवार्चन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा भारतीय जनता पार्टी से सौरभ अग्रवाल एवं दीपक तिवारी कांग्रेस पार्टी से सौरभ सिंह व अमित शुक्ला तथा बहुजन समाज पार्टी से डी सी राम एवं धनी राम चौधरी मौजूद रहे।



कलेक्टर ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक के बाद में राजनैतिक दलों को अवगत कराया की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद जिले में कुल 9 लाख 56 हजार 238 मतदाता हैं। जिनमें 4 लाख 94 हजार 228 पुरूष, 4 लाख 61 हजार 994 महिला और 16 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है।

#### विधानसभावार कुल मतदाता

विधानसभा क्षेत्र बड़वारा में कुल 2 लाख 49 हजार 597 मतदाता है जिसमें 1 लाख 29 हजार 162 पुरूष, 1 लाख 20 हजार 434 महिला और 1 थर्ड जेंडर शामिल है। जबकि विजयराघवगढ विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद 2 लाख 33 हजार 184 कुल मतदाता है। जिसमें 1 लाख 21 हजार 693 पुरूष, 1 लाख 11 हजार 489 महिला व 2 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र मुडवारा में कुल 2 लाख 32 हजार 408 मतदाता है जिसमें 1 लाख 18 हजार 865 पुरूष, 1 लाख 13 हजार 536 महिला एवं 7 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है।

इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र में बहोरीबंद में मतदाता सूची के अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद कुल 2 लाख 41 हजार 49 मतदाता है। जिसमें 1 लाख 24 हजार 508 पुरूष, 1 लाख 16 हजार 535 महिला और 6 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है।

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 23 दिसंबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक जहां 4 विधान सभा क्षेत्रों में 26 हजार 205 मतदाता के नाम जोडे. गए वहीं 3 हजार 377 मतदाताओं के नाम विलोपित भी किए गए है।

बडवारा विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 364 मतदाता जोड़े गए है। विजयराघवगढ विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 587, मुडवारा विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 955 और बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 299 मतदाता जोड़े गए है। इसी प्रकार विलोपित किए गए मतदाताओं में बडवारा विधानसभा क्षेत्र से 670 विजयराघवगढ विधानसभा क्षेत्र से 498 और मुडवारा विधानसभा क्षेत्र से 1 हजार 705 बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र से 504 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है।



# शटर काटकर घुसे चोर और लाखों के मोबाइल किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत बिलैया तलैया सब्जी मंडी में बीती रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मोबाइल युग नामक दुकान का शटर बीच से काटकर चोरों ने करीब 32 महंगे स्मार्टफोन चोरी कर लिए, जिनकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। घटना रात करीब 2:30 बजे की है। तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने पहले दुकान का शटर काटा, फिर अंदर घुसकर मोबाइल फोन समेटे। खास बात यह रही कि दुकान में CCTV कैमरे लगे होने की जानकारी होने के बावजूद चोर पूरी बेफिक्री से चोरी करते नजर आए। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि बदमाश मोबाइल फोन उठाकर शटर के बाहर रख रहे हैं, जिससे उनके हौसले कितने बुलंद हैं, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सुबह सफाई कर्मचारियों ने दुकान का टूटा शटर देखा, जिसके बाद दुकान मालिक गांधी हिंदुजा और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर CCTV फुटेज जब्त कर ली है और चोरों की हुलिया पहचान के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। सब्जी मंडी जैसे प्रमुख और व्यस्त इलाके में हुई इस बड़ी चोरी से स्थानीय व्यापारियों में भारी नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि आए दिन हो रही चोरी की घटनाएं पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

## खबर संक्षेप

### खोवा मंडी में अनियंत्रित कार दुकान में घुसी, मचा हड़कंप

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के व्यस्ततम क्षेत्र सिल्वर टॉकीज रोड स्थित खोवा मंडी में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार दो दुकानों में जा घुसी, जिससे पूरे बाजार में भगदड़ मच गई। घटना सुबह करीब 11:45 बजे की है। बताया जा रहा है कि "सिद्धार्थ ड्रेसेस" की कार को एक अन्य दुकान का कर्मचारी टेस्ट ड्राइव कर रहा था। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे मुन्ना खोवा भंडार व जैन खोवा भंडार के काउंटर तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। हादसे के वक्त दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ थी। गनीमत रही कि कार की चपेट में सीधे तौर पर कोई नहीं आया, हालांकि 1-2 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। दुकानदारों का फर्नीचर और सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। घटना का वीडियो पास ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है जिसमें कार को बिजली की रफ्तार से दुकान में घुसते देखा जा सकता है।

### लापरवाही बरतने पर टेढ़ी पटवारी निलंबित

**कटनी।** बिना सूचना के अनुपस्थित रहने, सी एम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण में कोताही बरतने और जाति प्रमाणपत्र बनाने एवं राजस्व न्यायालय प्रकरणों का समय-सीमा में प्रतिवेदन और जानकारियॉ नहीं भेजने और दूरभाष पर संपर्क करने पर लगातार बंद पाये जाने पर टेढ़ी ग्राम के पटवारी शिवम सोंधिया को एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पटवारी श्री सोंधिया द्वारा एस आई आर कार्य में भी रूचि नहीं ली गई। इस कार्य को करने के लिए वे उपस्थित भी नही हुए। साथ ही तहसीलदार कटनी के आदेशों के बाद भी भूमि का विधि विरूद्ध अंतरण पटवारी श्री सोंधिया द्वारा किया गया। प्रकरण में श्री सोंधिया का कृत्य म.प्र. सिविल सेवा प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए कदाचार की श्रेणी में पाया गया। इसी आधार पर उनके विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कटनी तहसील कार्यालय कानूनगो शाखा नियत किया गया है तथा इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### 19 लोगों पर 3800 रुपये का स्पॉट फाइन

**कटनी।** सफाई व्यवस्था का उल्लंघन कर गंदगी फैलाने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जोन क्रमांक 6 एवं 7 माधवनगर के बाजार क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 व्यक्तियों पर 200 रुपये के मान से कुल 3800 रूपये के स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई।

# 4 आदतन अपराधियों को हर माह पुलिस थाना में देनी होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी ने 4 आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए हर माह संबंधित पुलिस थाना में दो दिन उपस्थिति देने का आदेश पारित किया है।यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। जिसमें ग्राम जिर्री थाना ढीमरखेड़ा निवासी महेश यादव 35 साल के द्वारा लगातार वर्ष 2013 से अपराध किया जा रहा है। इसके विरूद्ध विभिन्न प्रकार के 10 प्रकरण दर्ज है। कलेक्टर महेश को 4 माह की अवधि तक दो दिवस प्रतिमाह की 1 एवं 16 तारीख को थाना ढीमरखेड़ा में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार बरापार हाल निवासी भटिया मोहल्ला थाना कैमोर 40 साल मिथलेश कोल उर्फ गुड्डु को 6 माह की अवधि तक हर माह की 16 तारीख को उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है। पाठक वार्ड भट्टा मोहल्ला् थाना रंगनाथ नगर निवासी दीपक उर्फ गोलू ठाकुर 34 साल के आपराधिक कृत्यों पर रोक लगाने कलेक्टर ने 2 माह की अवधि तक 2 दिन प्रत्येंक माह की 1 एवं 16 तारीख को थाना रंगनाथ नगर में हाजिरी लगाने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार कंटगीकलॉ थाना एनकेजे निवासी राकेश चौधरी 46 वर्ष के विरूद्ध वर्ष 2007 से अगस्त 2025 तक कुल 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। कलेक्टर ने राकेश को 2 माह तक दो दिन प्रतिमाह 1 व 16 तारीख को उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है।

## चरवाहा एवं समिति सदस्यों का सम्मेलन

**उमरियापान।** वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार के निर्देशन में उमरियापान डिपो में चरवाहा एवं वन समिति सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समिति अध्यक्ष, सदस्य एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रकृति संरक्षण, वन संपदा की सुरक्षा, वन्यजीव संरक्षण, अतिक्रमण रोकथाम तथा वन अग्नि से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि वन क्षेत्र की सुरक्षा में स्थानीय सदस्यों एवं चरवाहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके सहयोग से अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। एसडीओ सुरेश वरोले ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे कृषि समृद्धि, एकलव्य योजना, वन्य प्राणियों द्वारा फसल नुकसानी मुआवजा, पशु हानि एवं जनहानि मुआवजा आदि विषयों पर चर्चा की। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



## विद्यार्थियों को केंचुआ खाद बनाने का दिया प्रशिक्षण



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्मी कम्पोस्ट (केचुएं से बनने वाली खाद) का प्रशिक्षण दिया गया और वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का शुभारंभ किया गया। जिसमे जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे के द्वारा बहुत ही उपयोगी जानकारी दी गई। जैविक कृषि विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि केचुआ द्वारा मिट्टी में लगातार ऊपर नीचे आवागमन से मिट्टी छिद्रित बनी रहती है!जिससे हवा का वहन अच्छा होता है एवं मिट्टी की पानी धारण छमता बढ़ती है। मिट्टी में केचुएं की उपस्थिति मिट्टी को उपजाऊ बनाती है।रामसुख दुबे ने बताया कि केचुएं द्वारा बनी खाद हल्की, काली, दानेदार होती है जिसमे पोषक तत्व, एंजाइम, कुछ हॉर्मोन पाए जाते है, जो पौधों की वृद्धि के लिए लाभदायक है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा उसके द्वारा आय अर्जित करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ईको क्लब प्रभारी डॉ प्रवीण गर्ग एवं डॉ अजय कुमार गोंड के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों का योगदान रहा।

# आटो में छूट गया जेवरात एवं नकदी वाला बैग, पुलिस ने तलाश कर वापस लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस की सक्रियता से एक मजदूर की कमाई गुमने से बच गई। दरअसल पत्नी के साथ घर वापस लौट रहे मजदूर का बैग का कहीं गुम हो गया। बैग ढूंढने का काफी प्रयास किया जब नहीं मिला तो बसस्टैंड चौकी पुलिस को इसकी जानकारी दी। चौकी प्रभारी सिद्धार्थ राय ने तत्परता दिखाई और टीम को सक्रिय किया। टीम ने सक्रीयतापूर्वक काम करते हुए आखिरकार बैग ढूंढ निकाला और मजदूर परिवार को आज बैग वापस सौंप दिया। चौकी प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि ग्राम गनियारी थाना सिमरिया जिला पन्ना निवासी 21 वर्षीय सोनू चौधरी पिता रामलाल चौधरी अजमेर में मेहनत मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता है।



20 फरवरी की सुबह 10 बजे अपनी पत्नी मीना चौधरी के साथ अजमेर से कटनी मुड़वारा स्टेशन आया था। वहां से वह ई-रिक्शा में बैठकर बस स्टैंड पहुंचा। ई रिक्शा से उतरने के बाद जब वह बस पकड़ने की कोशिश कर रहा था तब उसका ध्यान बैग की तरफ गया। बैग गायब देखकर पति-पत्नी के होश उड़ गए। हलाकान पति-पत्नी ने तत्काल इसकी जानकारी चौकी में आकर दी। बस स्टैंड चौकी पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर तलाश शुरू की। चौकी प्रभारी सिद्धार्थ राय के नेतृत्व में आरक्षक अनमोल सिंह, मनु त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक नीरज पांडे ने तत्परता दिखाते हुए आखिरकार उस ऑटो का पता लगा लिया जिसमें बैग छूटा था।

ऑटो चालक के पास से बैग सुरक्षित मिला जिसे आज मजदूर परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। मजदूर के बैग में चार जोड़ी चांदी के पायल, बिछिया सेट एवं 18000 नगद रखे थे। जिसे सुरक्षित उसके हवाले किया गया।

## अवैध मिट्टी उत्खनन पर निगम प्रोजेक्ट मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी।** एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने माई नदी के किनारे बिना अनुमति मिट्टी निकालने तथा नाला पुराई एवं सीवर लाइन पटाव हेतु मिट्टी का उपयोग किए जाने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। संयुक्त निरीक्षण के बाद नगर निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स जयंती सुपर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, 12 सहजानंद सोसायटी, माल गोदाम रोड, मेहसाणा (गुजरात) के प्रतिनिधि हार्दिक पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मौके पर हल्का पटवारी मुडवारा एवं खिरहनी, कार्यपालन यंत्री, उपयंत्री एवं अतिक्रमण प्रभारी, नगर पालिक निगम कटनी की संयुक्त टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेसीबी चालक योगेंद्र सिंह एवं चेतन सिंह (निवासी पोंडी, तहसील पुष्पराजगढ़, जिला अनूपपुर) ने बताया कि उन्हें सीवर लाइन के उपयंत्री योगेश यादव द्वारा नाला पुराई हेतु भेजा गया था। स्थल पर लगभग 5×200 मीटर क्षेत्र में मिट्टी डालकर अस्थायी मार्ग (रैम्प) तैयार किया गया था, जिसका उपयोग नदी किनारे-किनारे सीवर लाइन बिछाने के लिए किया जा रहा था। संविदा प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि लाइन बिछाने के बाद मिट्टी को पुनः यथास्थिति कर दिया जाएगा। एसडीएम ने कार्यवाही की चेतावनी दी है। उक्त धारा के अंतर्गत उपबंधों के उल्लंघन पर अधिकतम 50 हजार रुपये तक का दंड अधिरोपित किया जा सकता है तथा संबंधित सामग्री के अधिग्रहण का भी प्रावधान है। नोटिस में संबंधित पक्ष को 28 फरवरी को उपस्थित होकर अपना जवाब एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अवैध मिट्टी उत्खनन पर निगम प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर की यातायात व्यवस्था को हाईटेक और सुरक्षित बनाने के लिए जिला पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। अब शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ई-चालान की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस की इस ¤तीसरी आंख¤ से अब नियम तोड़ने वाले बच नहीं पाएंगे। यातायात पुलिस कटनी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, ई-चालान प्रणाली के माध्यम से मुख्य रूप से इन नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट पाए जाने पर। चौराहों पर रेड लाइट जम्प करने पर। निर्धारित दिशा के विरुद्ध (रॉन्ग साइड) वाहन चलाने पर । यातायात के अन्य नियमों की अवहेलना करने पर। पुलिस के अनुसार शहर के चप्पे-चप्पे पर लगे सीसीटीवी कैमरे अब न केवल सुरक्षा पर नजर रखेंगे, बल्कि यातायात नियमों को तोड़ने वालों की गतिविधियों को भी रिकॉर्ड करेंगे। जैसे ही कोई चालक नियम तोड़ेगा, कैमरे की फुटेज के आधार पर वाहन की पहचान की जाएगी और संबंधित वाहन मालिक के मोबाइल नंबर पर ई-चालान की सूचना भेज दी जाएगी।

जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक का परिचय दें। यातायात पुलिस का कहना है कि यह व्यवस्था किसी को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और शहर की कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लागू की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा की गारंटी है।

### राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही पर 6 कर्मचारियों की हुई कार्यवाही

# दो कर्मचारियों की रोकी वेतन वृद्धि, चार को दी गई चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वित्तीय वर्ष समाप्ति के मद्देनजर निगम के राजस्व वसूली कार्य में निरंतर लापरवाही बरतने तथा समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देशों की अवहेलना करने के कृत्य को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सख्त रुख अपनाते हुए 6 कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

निगमायुक्त ने इस लापरवाही पर जहां निगम के जहां दो सहायक राजस्व निरीक्षकों की वेतन वृद्धि तत्काल असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया है। वही वार्ड क्रमांक 3 एवं 39 के वसूली कर्ता तथा वार्ड क्रमांक 4 एवं 43 के सहायक राजस्व निरीक्षकों को चेतावनी पत्र जारी किया है।



निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली निगम के विकास कार्यों की आधारशिला है, अतः इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने वसूली कार्य हेतु गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी है कि वे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वसूली कार्य करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में भविष्य में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त का यह कदम निगम के राजस्व संग्रहण में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## 19 लोगों पर 3800 रुपये का स्पॉट फाइन

सफाई व्यवस्था का उल्लंघन कर गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम द्वारा स्पॉट फाइन की कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जोन क्रमांक 6 एवं 7 माधवनगर के बाजार क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 व्यक्तियों पर 200 रुपये के मान से कुल 3800 रूपये के स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने, निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त अपशिष्ट त्यागने तथा स्वच्छता मानकों की अनदेखी करने के प्रकरण पाये जाने पर संबंधित व्यक्तियों से मौके पर ही जुर्माना वसूल कर उन्हें भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

कार्यवाही के दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के दीपक अग्निहोत्री,सुशांत सिंह परिहार,अजय निगम, दीपक जानोकर अजय दहिया, मनोज गौर, सुरेंद्र नाहर, अनिल महतो, सोहन बिरहा सहित दल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# कार्यवाही: किराया जमा नहीं करने पर ननि ने तीन दुकानों में जड़ दिया ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए बकाया वसूली में तेजी लाते हुए नगर निगम कटनी ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार प्रातः प्रियदर्शिनी बस स्टैंड स्थित निगम स्वामित्व की तीन दुकानों में तालाबंदी की कार्यवाही की। लंबे समय से संबंधित आवंटियों द्वारा दुकान किराया जमा न करने पर यह कार्रवाई की गई।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि संबंधित आवंटियों को पूर्व में कई बार किराया राशि जमा करने हेतु सूचित किया गया तथा पर्याप्त अवसर भी प्रदान किया गया, लेकिन निर्धारित समयावधि में राशि निगम कोष में जमा नहीं की गई। इसके चलते नियमों के तहत तालाबंदी की कार्यवाही अमल में लाई गई।



#### इन दुकानों पर था बकाया

राजस्व अधिकारी ने बताया कि प्रियदर्शिनी बस स्टैंड की दुकान क्रमांक 23 के आवंटी पर अप्रैल 2022 से मार्च 2024 तक 18 हजार 126 रुपये बकाया था। जबकि दुकान क्रमांक 6 के आवंटी द्वारा अप्रैल 2024 से मार्च 2026 तक 8 हजार 903 जमा नहीं किए गए। वहीं दुकान क्रमांक 12 के आवंटी पर अप्रैल 2024 से मार्च 2026 तक 4 हजार 427 रूपये की बकाया किराया राशि निगम कोष में जमा नहीं की गई थी।

तालाबंदी की कार्यवाही के समय राजस्व उप निरीक्षक विनोद सिंह चौहान, सहायक राजस्व निरीक्षक सनीष रजक एवं वसूलीकर्ता शरद सेन मौजूद रहे। निगम प्रशासन ने बकायेदारों से अवकाश के दिनों में निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालयों के कैश काउंटर खुला रखने तथा विशेष शिविर आयोजन की सुविधा का लाभ उठाकर देय राशि जमा कर अप्रिय कार्यवाही से बचने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नियुक्त

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जनभागीदारी समिति के नियमित अध्यक्षों की नई नियुक्ति होने तक जिले के शासकीय महाविद्यालयों में व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने पदेन अध्यक्षों की नियुक्ति कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कटनी की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष स्वयं कलेक्टर होंगे। वहीं शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में पदेन अध्यक्ष के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, स्लीमनाबाद में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बहोरीबंद को पदेन अध्यक्ष बनाया गया है। शासकीय महाविद्यालय, बरही एवं शासकीय महाविद्यालय, विजयराघवगढ़ की जनभागीदारी समितियों के पदेन अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजयराघवगढ़ होंगे। इसके अतिरिक्त शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा, शासकीय महाविद्यालय उमरियापान तथा शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी की जनभागीदारी समितियों के पदेन अध्यक्ष का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ढीमरखेड़ा को सौंपा गया है।

### असामाजिक तत्वों ने कई ऑटो के कांच फोड़े

**कटनी।** कटनी जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 की ओर स्थित पार्किंग में बीती रात असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। पार्किंग में कतार से खड़े लगभग 7 से 8 ऑटो के कांच पत्थर मारकर तोड़ दिए गए। सुबह जब ऑटो चालक अपने वाहनों के पास पहुंचे, तो वाहनों की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार, प्लेटफॉर्म नंबर 5 वाले छोर की पार्किंग में रोजाना की तरह ऑटो खड़े थे। देर रात अज्ञात तत्वों ने एक के बाद एक कई ऑटो के सामने और बगल के कांच चकनाचूर कर दिए। इस घटना से ऑटो चालकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। चालकों का कहना है कि वे पार्किंग शुल्क देते हैं, इसके बावजूद उनके वाहन सुरक्षित नहीं हैं। आर्थिक नुकसान और सुरक्षा में चूक को लेकर दर्जनों ऑटो चालक एकजुट होकर जीआरपी थाने पहुंचे।

### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने रेत का अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस ने ग्राम सुड्डी एवं रोहनिया क्षेत्र में अभियान चलाया। गश्त के दौरान ग्राम बसाड़ी मेला ग्राउंड के पास रेत परिवहन की सूचना मिली। मौके पर पहुंची टीम को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत से भरी मिली। चालक से पूछताछ में उसने अपना नाम रोहित पटेल 28 निवासी ग्राम बसाड़ी थाना बड़वारा बताया। चालक से वाहन संबंधी दस्तावेज एवं रेत परिवहन की अनुमति मांगी गई, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।अवैध परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक MP 54 AA 2617 को रेत सहित जब्त कर लिया। आरोपी चालक को नोटिस देकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जब्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पटेल, सउनि रामनाथ साकेत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी एवं आरक्षक बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**उमरियापान।** उमरियापान थाना क्षेत्र के डोली मोहल्ला में एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। नाबालिग ने फांसी क्यों लगाई, इसका कारण अज्ञात हैं। पुलिस ने उमरियापान अस्पताल में शव परीक्षण कराकर लाश परिजनों को सौंप दिया।प्रधान आरक्षक आशीष मेहरा ने बताया कि उमरियापान के डोली मोहल्ला निवासी साहिल पिता कमल कोल( 17) घर में सीलिंग से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, फिरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

#### छत्तीसगढ़ से किया जा रहा था ऑपरेट, गिरोह को पर्दाफाश करने में जुटी पुलिस

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा: कर्मचारी का खाता खुलवाकर करोड़ों का लेन देन, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए माधवनगर पुलिस ने एक कपड़ा व्यापारी सहित अन्य दो लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कपड़ा कारोबारी ने अपने कर्मचारी के खाते विभिन्न बैंकों में खुलवाये और उन खातों से लाखों रूपये का लेन देन किया। ग्राम जुहली निवासी अमित दाहिया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह नई बस्ती स्थित 'बॉम्बे ब्यूटीफुल साड़ी सेंटर' में काम करता है। दुकान मालिक योगेश बजाज ने कैश लेनदेन का झांसा देकर उसके नाम से एचडीएफसी, बंधन और आईडीबीआई बैंक में खाते खुलवाए और पासबुक-एटीएम अपने पास रख लिए। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू की। योगेश नामक व्यक्ति ने इस पूरे खेल में किराये के खातों का उपयोग किया। पुलिस को जांच में तीन संदिग्ध खाते मिले, जिनमें उसने कमीशन व किराये पर ऑपरेट करता था। पुलिस ने जब इन मामलों की गहराई से जाकर जांच पड़ताल की तो कई आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आए और एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। जिसको छत्तीसगढ़ के कई शहरों से ऑपरेट किया जाता है। पुलिस इस गिरोह का पर्दाफाश करने में जुटी हुई है।

जांच में पुलिस ने अमित के खाते में प्रारंभिक जांच में एक करोड़ रुपए से अधिक का ट्रांजेक्शन होना पाया। पुलिस ट्रांजेक्शन के स्टेटमेंट व बिलों का स्टेटमेंट को देख रही है कि वास्तव में इसका उपयोग व्यापार के लिए हुआ है या फिर अन्य किसी काम के लिए। रुपए कहां से आये हैं और किसको गए हैं, इसकी जांच की जा रही है। फर्जी खाते में रुपए डालकर नंबर एक में करने का खेल किया गया है कि नहीं यह भी देखा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि योगेश बजाज की नई बस्ती में साड़ी की दुकान चलाता है और रुपयों के लालच में यह खेल कर रहा है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में खुलासा हुआ कि आरोपी योगेश बजाज ने छत्तीसगढ़ (कांकेर) निवासी मनीष और रोहित से सट्टे की मास्टर आईडी कमीशन पर ली थी। पुलिस ने योगेश के साथ सहयोगी तरुण मोटवानी और अवधेश गुप्ता को भी धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि यह पूरा खेल ऑनलाइन सट्टे से जुड़ा हुआ है जो टी-20 विश्वकप सहित अन्य मैचों, खेलों व अन्य गतिविधियों में लग रहा है। पुलिस इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है कि किस व्यक्ति ने रुपए लगाए और किनके खातों में रुपए गए हैं।

रबर फैक्ट्री रोड निवासी अभिषेक तोमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके दोस्त जालपा वार्ड निवासी योगेश सिंह ठाकुर ने इलाहाबाद बैंक की एनकेजे शाखा में उसका खाता खुलवाया। खाते को ऑपरेट करने के एवज में 10-15 हजार रूपये कमीशन देने की बात कही। खाता खुलने के बाद योगेश ने खाते की पासबुक, एटीएम व एकाउण्ट से लिंक मोबाईल नंबर ले लिया। कुछ दिन बाद बैंक से जानकारी लगी कि खाते में लाखों रूपये का लेनदेन हो रहा है। अभिषेक तोमर ने पुलिस को बताया कि 3 दिनों में खाते में 6 लाख 35 हजार रूपए का संदिग्ध लेन-देन होना पाया गया है। अन्य खातों के बारे में संबंधित बैंकों से जानकारी एकत्रित की जा रही है।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने जान पहचान के लोगों को पैसों का लालच देकर अलग-अलग बैंकों में म्यूल एकाउण्ट खुलवाता है और खाते संबंधी दस्तावेज पासबुक, चैक बुक, एटीएम कार्ड और खाते में दर्ज मोबाईल नंबर की सिम को हर्ष नागवानी निवासी गुरूनानक वार्ड, अग्नीज उर्फ सैम चंदनानी निवासी जयप्रकाश वार्ड एवं रजनी यादव निवासी गांधीगंज को देता है। जिसके एवज में प्रति खाते के हिसाब से कमीशन मिल जाता है।

पुलिस ने इस मामले में हर्ष नागवानी एवं अग्नीज उर्फ सैम चंदनानी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों द्वारा भी स्वयं म्यूल खाते खोलकर और योगेश सिंह से मिलने वाले म्यूल खातों को रजनी यादव निवासी गांधीगंज को देना बताया गया। आरोपी रजनी यादव की पता तलाश जारी है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।



## किसानों को डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जबलपुर जिले के जनपद पंचायत शहपुरा के अंतर्गत ग्राम नीची सालीवाडा एवं कामटिया ग्राम के महिला एवं पुरुष कृषकों का दल कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग तथा उन्नत कृषि तकनीकी जैविक खेती तथा डेयरी एवं आत्मनिर्भर स्वावलंबी स्वरोजगार स्थापित करने के लिए श्याम श्री गौ संरक्षण गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तिवारी का भ्रमण कराया गया।

जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा केंचुआ निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा निर्माण विधि बर्मी वाश के निर्माण एवं फसलों में उपयोग का अवलोकन कराया गया। गौशाला मैं कृषक पवन कुमार पांडे ने कृषकों को गौशाला प्रबंधन गाय की विभिन्न नस्ल साहिवाल गिर हरियाणा तथा उनसे प्राप्त होने वाले दूध की मात्रा संतुलित पशु आहार नेपियर घास गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग गायों में विभिन्न रोग एवं उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी दी गई। कृषकों को प्रकाश खाद एवं ईंधन प्रयोग के लिए बायोगैस संयंत्र।

एजोला निर्माण का अवलोकन कराया गया इसका उपयोग दूध के अधिक उत्पादन के लिए किया जाता है क्योंकि इसमें 25 से 30% प्रोटीन पाया जाता है धान में उपयोग करने से नाइट्रोजन की एक तिहाई कम देनी पड़ती है। जैविक सब्जियां तथा फसलों का अवलोकन कराया गया। केंचुआ खाद बनाने की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि तथा वर्मी वाश निर्माण की तकनीकी जानकारी तथा अवलोकन कराया गया। भ्रमण के समय कृषि विस्तार अधिकारी गौतम यादव एवं रोहित गुप्ता जनपद शहपुरा फॉर्म कर्मचारी रोहणी तिवारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऊर्जा संरक्षण विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित ईको क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के निर्देशन, डॉ. एस. एस. धुर्वे के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में ऊर्जा साक्षरता अभियान के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण एवं उर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डॉ. रूकमणी प्रताप सिंह ने कहां कि ऊर्जा हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, जो हमारे घरों, उद्योगों और परिवहन के लिए आवश्यक है। लेकिन अगर हम इसका अत्यधिक और अव्यवस्थित उपयोग करेंगें तो यह प्राकृतिक संसाधनों की कमी और पर्यावरणीय संकट का कारण बन सकता है। इसलिए, ऊर्जा का संरक्षण बेहद महत्वपूर्ण है। ऊर्जा बचाने से न केवल हमें आर्थिक लाभ मिलता है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद होता है। साथ ही कहां कि यह प्रयास तभी सार्थक होगा जब देश के सभी नागरिक ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक रहें तथा अपनी सक्रिय सहभागिता दें।

प्रो. आनंद प्रताप सिंह ने कहां कि सौर उर्जा एवं अन्य नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतों का उपयोग बढ़ाकर भी उर्जा संरक्षण की मुहिम को मजबूत किया जा सकता है। वर्तमान समय में नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन एवं उपयोग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर भारत अग्रसर बताया तथा कहां कि ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का गहरा संबंध हैं साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को सतत विकास एवं विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक बताया।

ईको क्लब प्रभारी एवं संयोजक डॉ. अरविन्द सिंह ने विद्यार्थियों से ऊर्जा संरक्षण से जुड़े विभिन्न उपायों को अपनाने की अपील की जिससे कि दैनिक जीवन में ऊर्जा बचत को व्यवहार में लाया जा सकें। पर्यावरण संरक्षण के लिए अक्षय उर्जा के उपयोग पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर सभी का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही कहां कि छोटी दूरियों के लिए पैदल चलना, शेयरिंग वाहन, निजी वाहन की जगह सार्वजनिक वाहन का उपयोग तथा अन्य कार्यों के माध्यम से ऊर्जा का दुरुपयोग एवं अनावश्यक प्रयोग रोकना भी ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत ही आता है। मनोज चौधरी ने बताया कि ऊर्जा का संरक्षण हम सब कि नैतिक जिम्मेदारी है।

### ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, दिये निर्देश




भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के पालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वचन अधिकारी आशीष तिवारी ने शनिवार को मान्य ।ता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रे ट परिसर स्थित ईव्हीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तिवारी ने इस मौके पर गोदाम का अवलोकन किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री नीलाम्बर मिश्रा और भारतीय जनता पार्टी से सौरभ अग्रवाल , दीपक तिवारी एवं कांग्रेस पार्टी से सौरभ सिंह व अमित शुक्लार तथा बहुजन समाज पार्टी से डी सी राम व धनीराम चौधरी की मौजूदगी रही।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय प्राथमिक विद्यालय सनकुई में मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, बाल संरक्षण, बाल विवाह निषेध, नशा मुक्ति, मतदाता जागरूकता एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक कटनी ने स्वयंसेवकों को एनएसएस की गतिविधियों एवं ए, बी, सी प्रमाण-पत्रों के महत्व की जानकारी दी। शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रतिराम अहिरवार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष शिविर विद्यार्थियों को नेतृत्व एवं सामाजिक अनुभव प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर डॉ. हर्षित द्विवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।शिविर के प्रथम दिवस प्रातःकाल योग एवं व्यायाम का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात 'स्वच्छता ही सेवा है, जन-जन का यह नारा है, भारत स्वच्छ बनाना है' के नारों के साथ गांव में रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणजनों से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा भी की। बौद्धिक सत्र में आगाज संस्था के देवेंद्र कुमार गुप्ता ने बाल संरक्षण से जुड़े विधिक प्रावधानों पर स्वयंसेवकों से संवाद किया। शिविर में 50 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

## किसी भी स्थिति में जर्जर स्कूल भवन में शाला का नहीं किया जाये संचालन

### स्व रोजगार योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने आदिम जाति कल्याण उद्योग नगर निगम और नगर परिषदों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के लिए निर्धारित लक्ष्यों का शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि छोटे छोटे स्वरोजगार आर्थिक उन्नति का बड़ा अवसर देते है। इसलिए स्वरोजगार योजनओं के स्वीकृत प्रकरणों में बैंको से समन्वय कर वितरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है, इसको देखते हुए शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे के शाला में प्रवेश और निःशुल्क पुस्तकों के वितरण आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होनें स्कुलों में बालिका शौचालयों का निर्माण 8 मार्च तक हर हाल में पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने समय-सीमा की बैठक और शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान पूर्व में दिए निर्देशों का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जर्जर स्कूल भवन में शाला का संचालन न किया जाए। उसके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और इसके संबंध की कोई भी जानकारी उन्हें भी अवगत कराई जाए।

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि वे जल जीवन मिशन योजना के तहत पूर्ण नल-जल योजनाओं का ग्राम पंचायतो को हस्तांतरण कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को वृंदावन ग्राम योजना के तहत गांवो के चयन कर लेवें।

कलेक्टर ने 6 वर्ष तक के आयु के बच्चों के मानसिक विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के विभाग को समनवित रूप से प्रयास करने और 3 वर्ष से 6 वर्ष के आयु के सभी बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रो में प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा वर्ष 2026 को शासन के निर्देश के अनुसार कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के मद्देनजर कृषि वर्ष में नवाचारों सहित अन्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और प्रधानमंत्री किसान सूर्यमित्र योजना अंतगर्त चिन्हित सभी किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### हवन यज्ञ पूर्णाहूति के साथ सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

## सच्ची भक्ति से ही की जा सकती है भगवान की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



समीपस्थ ग्राम पंचायत खिरहनी स्थित बाबा हरिदास मंदिर मे चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को समापन हो गया।समापन अवसर पर हवन यज्ञ पूर्णाउती हुई।यज्ञ के अंतिम दिन कथा वाचक पंडित रमाकांत पौराणिक के द्वारा उपस्थित जनमानस को बतलाया की श्रीकृष्ण का नाम अनमोल है।यदि पापी भी श्रीकृष्ण का नाम लेता है तो उसे सद्गति मिल जाती है।जिसके ह्दय मैं प्रभु के प्रति भाव जागते है वही लोग प्रभु की कथा में शामिल होते है।

श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर उसके उपदेश को जीवन मैं उतारे तभी कथा की सार्थकता है।भगवान का आगमन सदैव धर्म की रक्षा के लिए हुआ है। श्रीमद्भागवत कथा हमे समाज के संस्कार ,अच्छे बुरे की पहचान सिखाती है।सच्ची भक्ति से ही भगवान की प्राप्ति की जा सकती है। जीवन में चरित्र और मित्र का काफी महत्व -कथावाचक ने कहा की जीवन में चरित्र और मित्र का काफी महत्व है।जिसका जैसा चरित्र होता है, वैसे ही उसके मित्र बन जाते है, मनुष्य अपने चरित्र और मित्र का निर्माता है। आपको मानव का शरीर मिला है। मनुष्य को इस संसार में रहते हुए आध्यात्मिक यात्रा भी करनी है। यह शरीर संसार में सत्ता की पहचान करता है और यही परमसत्ता तक ले जाने का कार्य भी करता है। मनुष्य देह परमात्मा की सर्वोत्तम कृति है। संसार के बिना जगत का बोध नहीं हो सकता है और शरीर के बिना आपके व्यक्तित्व का परिचय नहीं हो सकता।कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल सखा सुदामा के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में यदि मित्रता देखना है, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता के दर्शन करो, भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र करुणा से भरा हुआ है, तो उनके मित्र सुदामा के ऊपर भगवान श्रीकृष्ण ने करुणा की वर्षा की थी, जिसका जैसा चरित्र वैसे ही उसके मित्र होंगे। सुदामा भी परम सादगी और सज्जनता की मूर्ति थे, जिनके चरित्र से सात्विकता, सच्चरित्रता, शांति के दर्शन होते थे।सायंकालीन आरती कर कथा का समापन हो गया।देर शाम हवन यज्ञ पूर्णाउती हुई।शनिवार को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, गणेश तिवारी, ब्रजेश दुबे, बी के दुबे, रामनारायण यादव, नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## कटनी होकर चलेगी भोपाल-धनबाद त्रि-साप्ताहिक और भोपाल-चोपन साप्ताहिक एक्सप्रेस, यात्रियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। खजुराहो कटनी सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने इन दोनों ट्रेनों के शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया है। सांसद वीडी शर्मा के संसदीय क्षेत्र कटनी से होकर यह दोनों ट्रेनें गुजरेंगी जिससे रेल यात्रियों को यातायात में लाभ मिलेगा। रेलवे बोर्ड के पत्रांक 23 दिसंबर 2025 तथा वरिष्ठ मंडल संचालन प्रबंधक, भोपाल के पत्रांक 17 फरवरी 2026 के संदर्भ में यह निर्णय लागू किया गया है। इसके तहत भोपाल से धनबाद और चोपन (सीपीयू) के लिए नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की जा रही है।

ट्रेन संख्या 11631/11632 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक रूप से संचालित होगी। 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस भोपाल से प्रत्येक सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार को प्रस्थान करेगी। 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस धनबाद से प्रत्येक बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी।

ट्रेन संख्या 11633/11634 भोपाल-सीपीयू (चोपन) एक्सप्रेस साप्ताहिक रूप से संचालित होगी। 11633 भोपाल-सीपीयू एक्सप्रेस भोपाल से प्रत्येक रविवार को चलेगी। 11634 सीपीयू-भोपाल एक्सप्रेस चोपन से प्रत्येक सोमवार को प्रस्थान करेगी। 24 फरवरी को दोनों ट्रेनों का शुभारंभ किया जाएगा।

भोपाल-धनबाद त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा 24 फरवरी 2026 (मंगलवार) को भोपाल से शाम 7:30 बजे प्रारंभ होगी। वापसी में विशेष ट्रेन 25 फरवरी 2026 (बुधवार) को रात 11:00 बजे धनबाद से भोपाल के लिए रवाना होगी।

### कटनी मुड़वारा सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव

उद्घाटन विशेष ट्रेन भोपाल से प्रस्थान कर विदिशा, गंज बसोदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, ब्यौहारी, सिंगरौली, चोपन, रेनुकूट, नगर ऊंटारी, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, लातेहार, रांची रोड, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा, कतरासगढ़ होते हुए अगले दिन शाम 7:20 बजे धनबाद पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन निर्धारित समयानुसार सभी प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करते हुए भोपाल पहुंचेगी।

नई ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध होगी। इससे व्यापार, रोजगार और आवागमन को भी बढ़ावा मिलेगा।

खबर संक्षेप



## विश्व पैंगोलिन दिवस पर दक्षिण पन्ना वनमंडल ने जारी की कार्ययोजना

**पन्ना।** विश्व पैंगोलिन दिवस 2026 (21 फरवरी) के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा भारतीय पैंगोलिन के संरक्षण हेतु वनकर्मियों के लिए रणनीतियाँ एवं कार्ययोजना पर एक संक्षिप्त मार्गदर्शिका जारी की गई। इस नोट में पैंगोलिन के आवास संरक्षण, सक्रिय बिलों की पहचान एवं निगरानी, दीमक व चींटी जैसे भोजन स्रोतों के संवर्धन, गश्त सुदृढ़ीकरण तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण उपायों पर विशेष बल दिया गया है। भारतीय पैंगोलिन की स्थिति अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा  श्रेणी में दर्ज है, जिससे इसके संरक्षण की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि भारतीय पैंगोलिन को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूचीदृ1 के अंतर्गत सर्वोच्च कानूनी संरक्षण प्राप्त है, जो बाघ के समान स्तर का है। इसके शिकार, व्यापार या किसी भी प्रकार की क्षति पहुँचाने पर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान है, जिसमें अधिकतम 7 वर्ष तक का कारावास एवं जुर्माना शामिल है। दक्षिण पन्ना वनमंडल का उद्देश्य है कि वैज्ञानिक प्रबंधन, सुदृढ़ निगरानी एवं जनसहभागिता के माध्यम से भारतीय पैंगोलिन के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित किया जा सके।

## दक्षिण पन्ना में विश्व के सबसे तेज़ उड़ान वाले पक्षी पेरेग्रीन फाल्कन का अवलोकन

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत पवई उपवनमण्डल में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर श्री सागर सोनी द्वारा आज गिद्ध गणना के दौरान पेरेग्रीन फाल्कन का



सफलतापूर्वक अवलोकन किया गया। यह अवलोकन क्षेत्र की जैव विविधता के लिए उत्साहजनक माना जा रहा है। वन विभाग के अनुसार गिद्ध गणना के दौरान अन्य पक्षियों के साथ इस दुर्लभ एवं तेज़ गति वाले शिकारी पक्षी की उपस्थिति क्षेत्र के स्वस्थ पारिस्थितिक संतुलन का संकेत है। पेरेग्रीन फाल्कन विश्व के सबसे तेज़ उड़ान भरने वाले पक्षियों में से एक है, जो शिकार करते समय गोता लगाते हुए लगभग 300 किमी प्रति घंटा तक की गति प्राप्त कर सकता है। यह पक्षी अपनी तीक्ष्ण दृष्टि और तेज़ शिकार कौशल के लिए प्रसिद्ध है तथा प्रायः ऊँची चट्टानों, पहाड़ियों या ऊँचे वृक्षों के आसपास पाया जाता है। वन विभाग ने इस अवलोकन को महत्वपूर्ण बताते हुए पक्षी संरक्षण एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने शनिवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे सहित राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

ई-विकास प्रणाली से किसान बंधु डबल लॉक केंद्रों, एमपी एग्रो, निजी विक्रेताओं तथा टोकन बुक कर सकते हैं उर्वरक-कलेक्टर

# उर्वरक वितरण को सरल, सुगम तथा पारदर्शी बनाने हेतु लागू की जाएगी ई-विकास प्रणाली

**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनुशंसा के अनुसार किसानों को मिलेगा उर्वरक**
**आगे चलकर होम डिलीवरी की भी होगी सुविधा, 1 मार्च 2026 से लागू हो गई नई व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश सरकार द्वारा उर्वरक वितरण व्यवस्था हेतु विकास प्रणाली का विकास किया गया है इसके क्रियान्वयन एवं लागू किए जाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती मीना मसराम, जिला जनसंपर्क अधिकारी वाय.ए.कुरैशी, जिला विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह राजपूत, जिला सलाहकार गिरवर पटेल एवं जिले के सम्मानीय पत्रकार गण की उपस्थित थे । कृषि विभाग के सहायक संचालक जे.एल. प्रजापति द्वारा उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। सहायक संचालक श्री प्रजापति ने बताया उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली किसानों को उर्वरक प्रदान करने हेतु पारदर्शी, सुगम, सरल एवं जवाब देही प्रक्रिया है, जिसमें किसानों को घर बैठे बिना लाइन लगे अपने मोबाइल से ई-टोकन बुक कर डबल लॉक केंद्रों, निजी विक्रेताओं, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, एमपी एग्रो मार्केटिंग समिति आदि किसी भी जगह से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया प्राथमिक सहकारी समितियां में, सभी निजी विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में, सभी डबल लॉक केंद्रों में, सभी ग्राम पंचायत में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में क्यूआर कोड चस्पा किए जा रहे हैं ताकि किसान बंधु क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली के माध्यम से स्वयं अथवा विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों से निःशुल्क टोकन बुक कर सकेंगे।

उन्होंने बताया किसान बंधुओं अपने आधार कार्ड से पंजीयन करा कर तथा एग्री स्टेट आईडी से अपनी भूमि की जानकारी जोड़कर अपनी पसंद के विक्रेता का चयन कर आसानी से खाद प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सभी किसान बंधुओ से आग्रह किया है कि जिन किसान बंधुओं ने अपनी एग्री स्टेट आईडी नहीं बनवाई है ऐसे किसान बंधु जल्द से जल्द अपनी एग्री स्टेट आईडी बनवा ले, ताकि उर्वरक प्राप्त करने में कोई समस्या ना हो । आगे भविष्य में एग्री स्टेट आईडी से ही कृषि से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ दिया जाना प्रस्तावित है।

ज्ञातव्य है जिले में दिसंबर माह से ई-टोकन प्रणाली लागू है जो सिर्फ डबल लॉक केंद्रों, एमपी एग्रो एवं मार्केटिंग सोसायटी से खाद प्राप्त करने हेतु लागू की गई थी, परंतु उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली सभी प्रकार के उर्वरक विक्रेताओं के लिए जिले में 01 मार्च 2026 से लागू की जा रही है।

## फार्मर आईडी अनिवार्य, टोकन सिस्टम से मिलेगा खाद

**समस्या होने पर जनसुनवाई व हेल्पलाइन से मिलेगा समाधान**

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकसित ई-विकास प्रणाली को जिले में 01 मार्च से लागू किया जा रहा है। इस प्रणाली का उद्देश्य किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार खाद का पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करना है, ताकि किसानों को लंबी लाइनों में न लगना पड़े और उन्हें बिना परेशानी खाद उपलब्ध हो सके। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि इस सिस्टम की विशेषता यह है कि खाद वितरण से जुड़ी सभी एजेंसियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर एकीकृत कर दिया गया है। इसमें को-ऑपरेटिव सोसायटी, एमपी एग्रो, मार्केटिंग सोसायटी, डबल लॉक केंद्र तथा निजी विक्रेता शामिल हैं। इससे वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित होगी। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर पंजीकरण कराने के बाद किसान को उसकी भूमि और खेती के आधार पर खाद की पात्रता की जानकारी मिल जाएगी। इसके बाद टोकन जेनरेट होगा और उसी के आधार पर किसान को खाद प्रदान किया जाएगा। इससे अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति समाप्त होगी।

### फार्मर आईडी बनवाना जरूरी

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि किसानों के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है। फार्मर आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड, समग्र आईडी, आधार से लिंक मोबाइल नंबर **OTP** हेतु तथा जमीन के खसरा नंबर की जानकारी आवश्यक है। यदि यह जानकारी उपलब्ध है तो संबंधित पटवारी द्वारा फार्मर आईडी तैयार की जाएगी। यदि किसी किसान को फार्मर आईडी बनवाने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वह जनसुनवाई में उपस्थित होकर अथवा दमोह हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकता है। प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी। जिन किसानों के पास फार्मर आईडी नहीं है, वे 'अन्य किसान' श्रेणी में पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होने बताया कि 01 मार्च से यह प्रणाली लागू की जाएगी और धीरे-धीरे पूरी गति पकड़ेगी। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक किसान को उसकी पात्रता के अनुसार खाद बिना किसी परेशानी के उपलब्ध हो सके।

# सिंधी कैंप श्री शिव पार्वती मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**राजस्थान से लाई गई भगवान शिव परिवार, श्रीराम परिवार और राधा-कृष्ण की दो फीट ऊंची प्रतिमाएं**



**दमोह।** नगर के सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर ग्राउंड में सिंधी समाज पंचायत द्वारा निर्मित श्री शिव-पार्वती मंदिर में भगवान शिव परिवार, श्रीराम परिवार एवं श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की स्थापना गुरुवार से दो दिवसीय आयोजन के श्री प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का बड़े ही हर्ष से हुई। गत गुरुवार की सुबह 9 बजे से श्री शिव पार्वती मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जो सिंधी कॉलोनी सिविल वार्ड 9 व 10 के मार्गों के मुख्य मार्गों से होती हुई आगे धर्मध्वजा के 20 बच्चों ,युवाओं के बैंड दल ने सभी भक्तिमय धुनों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं पीले वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी।भव्य शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर श्री गणेश व कार्तिक की प्रतिमाएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं 10 फीट ऊंची नंदी पर सवार भगवान महादेव की प्रतिमा ने श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा । पुरुष श्रद्धालु सफेद वस्त्र धारण कर सिर पर साफा बांधकर शामिल हुए। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर में आचार्य पंडित द्वारा विधि-विधान से देव पूजन प्रारंभ कर संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा कराई। वहीं जानकारी देते हुए सिंधी समाज अध्यक्ष हरगोविंद लालवानी ने बताया कि यह मंदिर सार्वजनिक है। इसमें भगवान शिव मां पार्वती, गणेश व कार्तिक के साथ अलग-अलग सिंहासन पर श्री राधा-कृष्ण एवं प्रभू श्रीराम, मां सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी की दो फीट ऊंची प्रतिमाएं स्थापित की गई। ये प्रतिमाएं राजस्थान से लाई गई हैं। इधर कलश यात्रा में शामिल बैंड सिंधी समाज के बच्चों द्वारा बैंड तैयार किया गया। 20 बच्चों व युवाओं ने एक सप्ताह तक अभ्यास कर शोभायात्रा में लयबद्ध प्रस्तुति दी। शुक्रवार को सुबह 8 बजे देव पूजन, दोपहर 3 बजे हवन-यज्ञ और शाम 6.30 बजे भजन संध्या किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे आयोजित किया गया।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा राशि दी



**हिंडोरिया।** हिंडोरिया भारतीय स्टेट बैंक शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के अंतर्गत मृतक बेनी  अहिरवाल के परिजन अजय कुमार अहिरवाल को 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की है प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 436 के वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख तक का बीमा कवर मिलता है, जो किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति में लाभार्थी के परिजनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है इस अवसर पर शाखा प्रबंधक हिमांशु अग्रवाल, सत्येन्द्र सींग,रत्नेश,मोहित,यश , राजेन्द्र वर्मा भागीरथ पटेल, अशोक कुमार अहिरवाल, पार्षद अरविंद अहिरवाल उपस्थित रहे ।

## सिद्ध आश्रम बगोहा में आस्था का सैलाब उमड़ा, 24 को भंडारा

**पन्ना।**

गत मंगलवार से पन्ना जिले के सिद्ध आश्रम बगोहा में आस्था का सैलाब उमड़ा हुआ है। गृहस्थ संत बगोहा वाले महाराज जी के पावन सानिध्य में 17 फरवरी 2026 से सात दिवसीय अखंड रामधुन का भव्य शुभारंभ किया गया है। मडला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस सिद्ध स्थल पर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। मान्यता है कि यहाँ श्रद्धा भाव से आने वाले भक्तों की हर मनोकामना सिद्ध बाबा की कृपा से पूर्ण होती है। महाराज जी के भक्तों के अनुसार, इस दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता; जहाँ निरूसंतान दंपत्तियों को संतान सुख की प्राप्ति हुई है, वहीं निर्धनों के कष्ट दूर होकर उन्हें धन-धान्य का आशीर्वाद मिला है। समापन एवं भंडारा सात दिवसीय इस भक्तिमय आयोजन का समापन 24 फरवरी को एक विशाल भंडारे के साथ होगा। प्रमुख उपस्थिति - इस महोत्सव में केवल पन्ना ही नहीं, बल्कि खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ़ और आसपास के कई जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। कैसे पहुँचें- आश्रम पहुँचने के लिए श्रद्धालु पन्ना-छतरपुर मुख्य मार्ग पर स्थित हरसा गेट का मार्ग ले सकते हैं।

## स्टेशनरी किट वितरण की



**पटेरा।** पीएमश्री कन्या हाई स्कूल पटेरा में कक्षा दसवीं के बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप स्टेशनरी किट का वितरण किया गया । शासकीय हाई स्कूल राजाबंदी के प्राचार्य मुकेश कुमार गूजरे द्वारा विद्यालय की कक्षा दसवीं की सभी बालिकाओं को परीक्षा उपयोगी स्टेशनरी किट का वितरण किया गया । साथ ही श्री गुजरे जी द्वारा बालिकाओं को परिश्रम के साथ पेपर देने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। आपने बालिकाओं को बड़े ही सहज-भाव, धैर्य के साथ परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। श्री गूजरे जी द्वारा बताया गया कि सभी बालिकाएं प्रथम ही अवसर में सफलता प्राप्त कर लेंगे । यदि कोई बालिका किसी कारणवश प्रथम प्रयास में असफल हो जाती है तो उसे निराश नहीं होना है। अब माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल द्वारा द्वितीय अवसर भी प्रदान किया जाता है। जिसमें आप शामिल होकर पुनः सफलता प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने सभी को बधाई दी कि सभी बालिकाएं कक्षा दसवीं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होंगे। विद्यालय परिवार द्वारा आतिथ्य भाव से श्री गूजरे जी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रमोद परौहा, संतोष कटारया,अरविंद पटेल, प्रदीप सोनी,नरेंद्र सेन, बलराम प्रजापति एवं अखिलेश सेन की उपस्थिति रही ।

## तला बारे मोहन लाल साहू का निधन



**हिण्डोरिया।** नगर के अब्दुल्ला वार्ड नं. 06 निवासी हरिराम साहू, कमल साहू, मनोहर साहू, अजय साहू के पिता मोहन लाल साहू का 68 वर्ष की आयु मे लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार को निधन हो गया है। इनकी शवयात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतात्मा की शांति के लिये श्रृध्दांजलि अर्पित की।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

सिंगौरगढ़ में सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कमल चौरसिया के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को अंतिम दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ ।समापन के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सतेंद्र सिंह लोधी, बीएमओ डॉक्टर डीके राय ब सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य पवन जैन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का कॉलेज स्टॉप द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया। इसके उपरांत सभी अतिथियों एवं स्टाफ के द्वारा अपने उद्बोधन दिए। राज्यमंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में मुझे सम्मिलित होने का अवसर मिला। इन सातों दिनों में छात्राओं ने नेतृत्व, अनुशासन, सामाजिक सेवा टीम भावना एवं व्यक्तित्व विकास जैसे अनेक विषयों  से रूबरू होकर अपने अनुभवों को समृद्ध किया। यह शिविर उनके जीवन में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला होगा। उन्होंने कहा कि छात्राओं के उत्साह,समर्पण और सहभागिता को देखकर मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति हुई। मैं समस्त छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इसके साथ उन्होंने छात्राओं से कहा कि अखबारों को पढ़ें व डेली डायरी लिखना शुरू करें। इसके उपरांत सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,बीएमओ डॉक्टर डी के राय ने भी छात्राओं को जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम गांव के सरपंच मूरत सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सहारा ठाकुर, नीरज जायसवाल, मयंक जैन, प्रवीण राय,सचिव मल्लू सिंह, रोजगार सहायक नरेंद्र झरिया,शिविर प्रभारी डॉक्टर रश्मि तिवारी,डॉक्टर भारती कपूर, जितेंद्र अग्रवाल ,सुखलाल साकेत, डॉ मनोज पंकज, डॉक्टर पंकज प्रवीण सहित प्रोफेसर कॉलेज स्टाफ व छात्राओं की उपस्थिति रही।

# अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच की बैठक का आयोजन



**दमोह।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच दमोह की बैठक का आयोजन नाकड़ा पैलेस जबलपुर नाका पर किया गया। जहां पर मंच राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य तरूण पटेल एड. जिला अध्यक्ष, सुधीर पाण्डे एड. जिला प्रभारी, एम.पी. चौरसिया एड. संभागीय सचिव, कमल कुशवाहा एड. युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, कपिल सिह हजारी एड. एवं युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव मनोज नागदेव एड. के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के सदस्यता अभियान चलाने आगामी राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव के संबंध में सभी अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे एवं बैठक को सभी पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया एवं अधिवक्ताओं को मंच में सदस्यता दिलाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किये। मंच के कोर कमेटी सदस्य तरूण पटेल एड. द्वारा मंच की अभी तक की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया एवं जिला अध्यक्ष सुधीर पांडे एड. के द्वारा मंच के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में सभी को अवगत कराया। जिसमे सभी सदस्यों द्वारा मंच में नये सदस्यों को जोड़ने एवं सहभागिता करने के विषय पर जोर दिया। इस अवसर पर मंच के पूर्व अध्यक्ष रविकांत ठाकुर एड., उपाध्यक्ष किशोरी लाल ताम्रकार एड., प्रमेश सीरोठिया एड., युनुस मकरानी एड., शिवप्रसाद विश्वकर्मा एड., आशीष सिंह, नाकड़ा एड., कौशलेन्द्र पाण्डे एड., गजाधर पटेल एड., सौरभ अयाची एड., कृष्ण कुमार श्रीवास्तव एड., विनोद पटेल एड., प्रखर पाण्डे एड., लोकेश राय एड, नईमुल अकील एड., रोहित सिंह राजपूत एड., हेमंत यादव एड., अभिजीत सिंह ठाकुर एड., धर्मेन्द्र सिह एड., के अलावा बडी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक का सफल संचालन कमल कुशवाहा एड. एवं आभार एम.पी. चौरसिया एड. ने किया।

**जुझार में गूंजा श्रीमद् भागवत का दिव्य रस**

# गोवर्धन पूजन व छप्पन भोग से सजा भक्तिमय वातावरण



**बनवार।** देव श्री जागेश्वर नाथ धाम के समीप जुझार गांव में व्यारमा नदी के पावन तट पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर इन दिनों आध्यात्मिक उल्लास से आलोकित है। यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित श्री शालिकराम पांडे द्वारा अमृतमयी वाणी में कथा का रसपान कराया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। कथा के पंचम दिवस पर पूतना वध एवं भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण-शिव मिलन प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि जब-जब अहंकार बढ़ता है, तब-तब भगवान सरलता और प्रेम का संदेश देने अवतरित होते हैं। कथा के दौरान पंडित श्री पांडे ने गोवर्धन लीला का उल्लेख करते हुए कहा कि जब इंद्र के अभिमान से ब्रजवासियों पर संकट आया, तब श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर यह संदेश दिया कि संकट कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि विश्वास अडिग हो तो ईश्वर स्वयं रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति संरक्षण, सामूहिक एकता और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाती है। जिस प्रकार ब्रजवासियों ने एकजुट होकर श्रीकृष्ण पर विश्वास रखा, उसी प्रकार समाज में भी एकता और सद्भाव आवश्यक है। इस अवसर पर गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया गया। भगवान को विविध व्यंजनों से सुसज्जित छप्पन भोग अर्पित कर आरती उतारी गई। पूरा मंदिर परिसर भक्ति संगीत, दीपों की रोशनी और पुष्प सज्जा से आलोकित रहा। आयोजन समिति के सदस्य दौलत सिंह लोधी ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम निरंतर जारी है, जिसमें क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र पटेल (चटन), बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, सरपंच सुनील कुमार डबुल्या, जनपद सदस्य जगदीश यादव, सरपंच रिकेश चौबे, दर्शन सिंह लोधी, मुकेश सिंह लोधी, भाजपा नेता मगन बाजपेयी, आरएसएस के कल्याण सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।जुझार गांव इन दिनों भक्ति, संस्कृति और प्रेरणा के संगम का साक्षी बना हुआ है, जहां श्रीमद् भागवत कथा समाज को आस्था के साथ-साथ सदाचार, एकता और प्रकृति संरक्षण का दिव्य संदेश दे रही है।

## पुलिस द्वारा अवैध पशु परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध थाना मडला में की वैधानिक कार्यवाही

**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों, पशु क्रूरता एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध सतत अभियान चलाकर विधिवत कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना प्रभारी मडला उनि रचना पटेल द्वारा थाना क्षेत्र में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 21/02/26 को मुखबिर द्वारा अवैध पशु परिवहन के संबंध में सूचना दी गई। मुखबिर से प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा थाना मड़ला के सामने शिव मंदिर के पास सघन वाहन चेकिंग की गई। कुछ समय पश्चात संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई।

# महिला मंडल ने की सुहागले



**दमोह।** नगर के विवेकानंद कॉलोनी में महाशिवरात्रि पर्व पर श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय में शिव पार्वती विवाह उत्सव पर महिला मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम उत्साह पूर्वक आयोजित किए गए। जिसमें सम्पूर्ण विवाह कार्यक्रम के बाद महिला मंडल द्वारा मंदिर प्रांगण में माता पार्वती की सुहागले का कार्यक्रम आयोजित किया। जहां कॉलोनी की सभी सुहागन महिलाओं ने आकर पूजन किया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव समिति ने प्रमुख रूप से महिला मंडल और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

## खास बातें

### भगवान श्री मल्लिनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव आज

**कुण्डलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के उन्नीसवें तीर्थंकर भगवान श्री मल्लिनाथ नाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 22फरवरी2026 को एवं आठवें तीर्थंकर भगवान श्री चंद्रप्रभु जी का मोक्ष कल्याणक 23 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान होगा । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। श्रद्धालु भक्तों से अनुरोध है कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करें।

### भारत विकास परिषद द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

**दमोह।** भारत विकास परिषद शाखा दमोह द्वारा ग्राम ककरा तहसील पथरिया में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 22 फरवरी दिन रविवार को खूब लाल पटेल हाई स्कूल ककरा में किया जा रहा है जिसमें दमोह जिले के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ एवं जिला चिकित्सालय दमोह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया के चिकित्सक उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे इसके अतिरिक्त आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के चिकित्सक भी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे शिविर में बीपी शुगर एवं खून की जांच भी की जाएगी इस शिविर का शुभारंभ माननीय लखन पटेल राज्य मंत्री शासन के करकमलों द्वारा किया जावेगा भारत विकास परिषद शाखा दमोह की अध्यक्षा श्रीमती डॉक्टर किरण दुबे गोस्वामी ने ग्रामीणें से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर शिविर का लाभ लें।

तेजगढ़ बस स्टैंड पर भीषण सड़क हादसा

# शादी समारोह में जा रहे तीन बाईक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



ग्राम में स्थित शराब दुकान के पास शुक्रवार की रात शादी में जा रहे तीन बाइक सवारों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों को जिला अस्पताल लाया गया। मृतक की शिनाख्त होने पर परिजन शनिवार दोपहर अस्पताल पहुंचे जिसके बाद पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तेजगढ़ थाना के सागौनी कला निवासी रतन सिंह पिता उजियार सिंह गौड़ 35 शादी समारोहों में गाना बजाने का कार्य करता है। शुक्रवार रात वह अपने 2 अन्य साथियों के साथ शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। तेजगढ़ शराब दुकान के पास उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। तीनों घायल सड़क पर पड़े थे जिन्हें पुलिस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान रतन सिंह की मौत हो गई। उसका साथी टेक सिंह और एक अन्य युवक इलाजरत है। मृतक रतन के भाई हल्ले सिंह ने बताया उनका भाई शादी में गाना बजाने का काम करता था। शुक्रवार रात में किसी शादी समारोह में जाने की कहकर घर से निकला था। शनिवार सुबह उन्हें पुलिस के माध्यम से सूचना मिली कि भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई है। उन्होंने तत्काल गांव के सरपंच को सूचना दी और परिजनों के साथ वह जिला अस्पताल पहुंचे हैं। उसके दो साथी भी साथ में थे जिन्हें वह नहीं पहचानता। वह भी हादसे में घायल हुए हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## तेजगढ़ अभाना दमोह मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमण, स्पीड ब्रेकरों की मांग

**तेजगढ़।** दमोह जिले के जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेजगढ़ बस स्टेंड से दमोह जबलपुर दमोह अभाना पहुंच मार्ग पर तेजगढ़ बस स्टेंड से दमोह अभाना करौंदी पड़रिया की ओर बस स्टेंड तेजगढ़ से मेन लगभग पांच सो कदम दूर मेन रोड पर अभाना मार्ग पर व्यापारियों एवं दुकानदारों द्वारा सड़क के किनारे पर रेता गिट्टी एवं लोहे सरिया रखकर अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा है।जिससे जिससे अनेकों दुर्घटनाएं हो चुकी है।एवं घटनाएं होती जा रही हैं।इस मार्ग से अनेकों जिम्मेदार अफसरों का आना जाए रोजाना होता है। लेकिन इस तरफ किस भीं जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं जता हैं।ओर व्यापारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।ओर दुर्घनाएं हो रही है।बीती 20फरवरी 26की देर रात इसी मार्ग पर शराब दुकान के पास एक भीषड़ सड़क हादसा हुआ।मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रम होने एवं रोड़ एक तरफ बाबूल की झाड़ियां एवं भीड़ के कारण क्रॉसिंग के दौरान अज्ञात वाहन ने 3 बाइक सवार व्यक्तियों को टक्कर मार दी गई थी।जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। एव दो साथी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। जिम्मेदार अभी भी मोन है।इसी तरह की स्थिति बनी रही तो ओर भी बड़े हादसे हो सकते हैं।ग्रामीणों की मांग हैं।की शराब दुकान के सामने स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। एवं नायरा पैट्रोल पंप ओर स्टेट बैंक के सामने भी स्पीड ब्रेकर बनाए जाए जिससे हादसे ना हो क्या हो इस घटना के बाद शासन प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी कोई कार्यवाही कर पाते हैं या बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर का कहना है।अगर अतिक्रमण हैं।तो राजस्व विभाग की टीम को बोलकर कार्यवाही करवाते हैं।मौके जाकर देखता हूँ। कार्यवाही की जाएगी।



## खेतों में पाइपलाइन का कार्य करने से ना रोका जाए: जिला प्रशासन ने किसानों से अपील

**दमोह।** दमोह जिला अंतर्गत सतधरु सिंचाई परियोजना, साजली सिंचाई परियोजना, पंचमनगर सिंचाई परियोजना और जूड़ी सिंचाई परियोजना से जुड़े किसानों को जिला प्रशासन ने सूचित किया है कि वे इस वर्ष रबी फसल की कटाई उपरांत किसी भी ग्रीष्म कालीन फसल का रोपण ना करें । उक्त परियोजनाओं का कार्य खाली खेतों की अनुपलब्धता के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है। अतः सभी किसान फसल कटाई के तुरंत पश्चात उपरोक्त परियोजनाओं में सूची अनुसार, कमांड क्षेत्र के ग्रामों में, चिन्हित किसानों के खेतों पर, संबंधित निर्माण एजेंसियों द्वारा पाइपलाइन का कार्य पूर्ण करना अत्यावश्यक है, ताकि परियोजनाओं को पूर्ण कर उसका लाभ आप समस्त किसानों को मिल सके। निर्माण एजेंसियों को उक्त कार्य जून 2026 तक पूर्ण करने पर ही आगामी फसलों में किसानों को इन परियोजनाओं से सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता संभव होगी। सभी किसान बंधुओं से जिला प्रशासन सहयोग की अपेक्षा करता है, कि इस रबी फसल की कटाई के तुरंत बाद संबंधित निर्माण एजेंसियों को अपने चिन्हित खेतों में पाइपलाइन का कार्य करने से ना रोका जाए।

## पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल, जबलपुर रेफर

### तारादेही थाना क्षेत्र के समनापुर तेन्दूखेड़ा मार्ग पर हुआ हादसा

**तेन्दूखेड़ा/तारादेही।** शनिवार को तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा तारादेही मार्ग पर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सामने से आ रहे बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी और पिकअप वाहन सड़क छोड़ खेत में जा पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तरबर पिता कल्याण गौड़ उम्र 50 वर्ष निवासी खारी देवरी थाना तारादेही अनारी पिता कमोद गौड़ उम्र 45 वर्ष निवासी खारी देवरी थाना तारादेही है दोनों घायल ग्राम खारी देवरी से तेन्दूखेड़ा की और आ रहे थे और जैसे ही बाइक सवार समनापुर पेट्रोल पंप के आगे पहुंचे और सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन से टक्कर मारते हुए खेत में जा घुसा।

राहगीरों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 एवं 108 वाहन की दी गई जहां सूचना मिलते ही तारादेही थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक तुलसीराम ठाकुर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा भेजा गया जहां से दोनों को गंभीर चोटे आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं हादसे के बाद पिकअप वाहन का चालक मौके से भाग निकला है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार वाहन एलएनटी कंपनी का है जिसमें नल-जल योजना की सामग्री रखी हुई है।

#### इनका कहना है

घटना के संबंध में प्रधान आरक्षक तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि घटना दोपहर में हुई है जिसमें दो लोग घायल हुए हैं जिन्हें जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।



## कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव



**दमोह।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 24 फरवरी 2026 मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में विधानसभा घेराव को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी दी। पत्रकारों कां संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते में कृषि उत्पादो पर आयात शुल्क में संभावित कमी से मध्यप्रदेश के कपास, सेयाबीन और मक्का उत्पादक किसानों को गंभीर नुंकसान हो सकता है। उसकी मांग है कि भारत अमेरिका ड्रेड डील के संबंध में विस्तृत श्वेत पत्र जारी किया जाये। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि कलंकित मंत्री कैलाश विजय वर्गीय, राजेन्द्र शुक्ल, विजय शाह जिन्होनें निर्दोष मौतों की जिम्मेदारी न लेते हुए महिलाओं पर अर्नगल ब्यान दिये है उनके स्थीफे लिये जाये अथवा बर्खास्त किया जाये। संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, शमीम कुरैशी, डालचंद कुशवाहा, श्रीकांत पटेल, अजय जाटव, रियाज खान ने जिले के कांग्रेसजनों से उक्त कार्यकम में अपने वाहन साधन से पहुंचने की अपील करते हुए लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी आ रहे है। पत्रकार बंधुओ से कहा कि मध्यप्रदेश के किसानो के हितो की संवैधानिक और नीतिगत सुरक्षा सुनिश्चित की जायें एवं भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के लिये मूल्य सुरक्षा एवं आय संरक्षण की ठोस व्यवस्था लागू की जाये न कि किसानो की आय पर नकारात्मक प्रभाव डाला जायें।

### अवैध सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

**दमोह।** तेंदूखेड़ा पुलिस ने अवैध सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। कस्बा तेन्दूखेड़ा में अवैध रुप से सट्टा खिलाने के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 21/02/2026 को अवैध सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध सूचना एकत्रित की जाकर थाना तेन्दूखेड़ा पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये दबिश देकर कुल 06 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाकर कुल 06 अपराध पंजीबद्ध किये गये। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय सुधीर भदौरिया एवं श्रीमान एसडीओपी श्रीमति अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा द्वारा टीम गठित कर अवैध सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। कार्यवाही में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा निरी. रावेन्द्र बागरी, प्र.आर. बृजेश तिवारी, प्र.आर. रविचन्द्र सेन, आर. विशाल बैन, आर. रणधीर दांगी की सराहनीय भूमिका रही।

## अलबेले जंगल में फिल्मी स्टाइल लूट का पर्दाफाश

### स्पीड ब्रेकर बना टर्निंग प्वाइंट, चचेरे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



कुम्हारी थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज लूट की वारदात का पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा कर दिया। देहात से व्यापार कर लौट रहे सर्राफा व्यापारी को अलबेले जंगल में निशाना बनाकर लूट की गई, लेकिन भागते समय स्पीड ब्रेकर पर फिसली बुलेट ने आरोपियों का खेल बिगाड़ दिया। पुलिस ने दोनों चचेरे भाइयों को गिरफ्तार कर करीब 4.55 लाख रुपये का मशरुका बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया एवं एसडीओपी हटा प्रिया सिंधि के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि. बृजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा। 20 फरवरी को संतोष सोनी निवासी सगौनी, इमलिया से सोने-चांदी का व्यापार कर लौट रहे थे। अलबेले जंगल की बड़ी टेक के पास दो बाइकरों ने उन्हें रोककर मारपीट की और जेवरात से भरा बैग लूट लिया। सूचना मिलते ही व्यापारी ने पुलिस और परिचितों को खबर दी, जिसके बाद ग्रामीण भी सतर्क हो गए। लुटेरे बुलेट मोटरसाइकिल से सागौनी–कुसमी–सगरा मार्ग की ओर भाग रहे थे। महादेव घाट सेतु के पहले बने दो स्पीड ब्रेकर पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। गिरने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों आरोपी घायल हो गए। ग्रामीण युवाओं ने तत्काल घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा नदी में कूदकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर उसे भी पकड़ लिया।

#### 4.55 लाख का माल बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के 5 पैडल, 10 गुरिया, चांदी की 30 जोड़ी बिछिया, 12 ताबीज, 6 चैन, 11 जोड़ी पायल, बच्चों के चूड़े, चूड़ियां, कंगन, बेड़ी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू व जेवर सुधारने का सामान (कीमत 2,42,000 रु.), एक बुलेट मोटरसाइकिल (2,00,000 रु.) और दो मोबाइल (13,000 रु.) जब्त किए।

#### चचेरे भाई निकले मास्टरमाइंड

गिरफ्तार आरोपी अतुल जोशी और दुर्गेश जोशी, निवासी ग्राम मोंगना, जिला टीकमगढ़, आपस में चचेरे भाई हैं।

#### पुलिस-ग्रामीण तालमेल की मिसाल

यदि स्पीड ब्रेकर पर बाइक न फिसलती और समय रहते पुलिस व ग्रामीण सक्रिय न होते, तो आरोपी फरार हो सकते थे। कुम्हारी व नोहटा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई और ग्रामीण युवाओं की सजगता से लूट का त्वरित खुलासा संभव हुआ। इस कार्रवाई से व्यापारियों में राहत और आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

### दो प्रकरण में चार हजार का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले अंतर्गत थाना कोतवाली एवं थाना दमोह देहात के 02 प्रकरण में 04 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 101/2023 धारा 379 भादवि के तहत अरोपी समोद बहेलिया पिता भूरे बहेलिया उम्र 27 साल निवासी नगला उसर थाना कुरावली जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश पर 02 हजार रूपये एवं थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 854/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अरोपी संतोष पटैल पिता नारान पटेल उम्र 64 वर्ष निवासी ग्राम खजांची की बेहार बरखेड़ा दुर्गादास थाना दमोह देहात पर 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों, की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

# विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया संपन्न, मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन




- **जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 56 हजार 497 रूपये**
- **फॉर्म-6, 7 एवं 8 के तहत 35 हजार 809 नाम विलोपित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुई थी, जिसका समापन आज 21 फरवरी 2026 को हो गया है। चार चरणों में संपन्न इस प्रक्रिया के पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की एक-एक प्रति प्रदान कर दी गई है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 9,56,497 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,99,659 पुरुष मतदाता, 4,56,829 महिला मतदाता, 9 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेश्यो 914 दर्ज किया गया है, अनुमानित जनसंख्या के विरुद्ध मतदाताओं का प्रतिशत 63.76% है, युवा मतदाताओं 18-19 वर्ष की संख्या 14,189 है, जबकि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 3,890 है। उन्होने बताया कि फॉर्म-6 नाम जोड़ना, फॉर्म-7 नाम विलोपन और फॉर्म-8 संशोधन की कार्यवाही के उपरांत 35,809 मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में सम्मिलित नहीं हैं। सभी प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं समेकन कर पात्र मतदाताओं को जोड़ा गया तथा अपात्र नामों को हटाया गया।

#### चार चरणों में आईं विभिन्न चुनौतियाँ

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि एसआईआर के प्रथम चरण में सबसे बड़ी चुनौती फॉर्म को सही तरीके से भरवाना और उनका संकलन करना था। द्वितीय चरण में 'नो मैपिंग' एवं 'लॉजिकल डिसक्रिपेंसी' से संबंधित प्रकरण सामने आए, जिनकी सुनवाई कर निराकरण किया गया। तृतीय चरण में फॉर्म-6, 7 और 8 के आवेदनों का समेकन कर पात्रता के अनुसार नाम जोड़ने एवं हटाने की प्रक्रिया संपन्न हुई। चतुर्थ एवं अंतिम चरण में मतदाता सूची का विधिवत प्रकाशन किया गया। प्रत्येक चरण में अलग-अलग प्रकार की प्रशासनिक चुनौतियाँ सामने आईं, जिनका सफलतापूर्वक समाधान किया गया।

भाषाई सहयोग से हुआ सुगम संवाद कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि उडिया, बंगाली एवं मराठी भाषा को लेकर कुछ विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। इस दौरान कई स्वयंसेवी शिक्षक आगे आए और उन्होंने संबंधित भाषाओं का इंटरप्रिटेशन कर प्रशासन की सहायता की। इससे प्रशासन और मतदाताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सका और प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सका।

#### सभी के सहयोग से संपन्न हुई निष्पक्ष प्रक्रिया

कलेक्टर श्री कोचर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे उप-जिला निर्वाचन अधिकारी, ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, निर्वाचन टीम, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मीडिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, परिश्रम और सतत संवाद के कारण यह संपूर्ण प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सकी।

## मुनि श्री पदम सागर जी के सानिध्य में श्री 24 समवशरण महामंडल विधान 24 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आगामी अष्टानिका महापर्व के पावन अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा मुनि श्री पदम सागर जी के सानिध्य में श्री 1008 चौबीस समोशरण अर्हत चक्र महामण्डल विधान का भव्य आयोजन 24 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक होने जा रहा है। उमा मिस्त्री की तलैया में आयोजित इस भव्य आयोजन की तैयारियां तेजी से चल रही है वहीं मुनि श्री पदम सागर जी द्वारा भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के मंगल आशीर्वाद से मुनि श्री पदम सागर जी एवं छुलल्क रत्न तात्पर्य सागर जी के मंगल सानिध्य में सकल जैन समाज के द्वारा अष्टानिका महापर्व में श्री 1008 चौबीस समोशरण अर्हतचक्र महामण्डल विधान की तैयारियां अंतिम चरण में है। विभिन्न कार्यों के संपादन हेतु गठित समितियां अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने में जुटी हुई है। जिनको मुनिश्री का लगातार मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में 22 फरवरी को दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी मे विशेष युवा प्रेरणा सभा का आयोजन दोपहर 2 बजे से किया गया है। जिसमें मुनि श्री पदम सागर जी महाराज के मार्गदर्शन के साथ युवाओं की जिज्ञासा का समाधान भी किया जाएगा। विधान समिति के संयोजक महेश दिगंबर ने बताया कि कार्यक्रम स्थल उमा मिस्त्री की तलैया में विशाल पंडाल का निर्माण चल रहा है। यहां पर 24 गंधकुटी रूपी भव्य समवशरण की रचना की जा रही है।

वही मुख्य समवशरण हेतु महा पात्रों का चयन 23 फरवरी को मुनि श्री के सानिध्य में किया जाएगा। गंधकुटी में परिवार के साथ आठ दिनों तक विधान पूजन पुण्यार्जन की राशि 51 हजार रुपए निर्धारित की गई है। इधर इंद्र इंद्राणी बनकर आठ दिनों तक विधान करने की राशि 3100 रुपए निर्धारित की गई है। सभी पात्रों को पूजन वस्त्र आभूषण आदि विधान समिति के द्वारा प्रदान किए जाएंगे। 24 लघु समोशरण में सौधर्म इंद्र बनने का महा सौभाग्य प्राप्त करने वालो में सुधीर सिंघई अध्यक्ष दिगंबर जैन पंचायत, दिनेश चौधरी, राजेंद्र जैन संदेश जैन, ब्रह्मचारी अभिषेक सिंघई, दीपक जैन, दीपक बमोरया, नयन जैन, सतीश सिंघई, प्रवीण सिंघई, महावीर ट्रांसपोर्ट, प्रवीण सिंघई, कुमुद सेल्स,संदीप मोदी सतीश मोदी अभाना वाले, रमेश चंद जैन भेड़ा वाले, सुनील जैन, राजेश जैन हिनौती वाले, प्रिंस जैन, राजेश जैन, विजय नगर आदि की स्वीकृति विधान समिति को प्राप्त हो चुकी है। शेष समोशरण में सोधर्मेंद्र बनने तथा इंद्र इंद्राणी बनने के लिए विधान समिति के संतोष बनवार, चक्रेश सराफ, राजेश हिनौती, मनोज जैन राजीव कॉलोनी से संपर्क करने की अपील की गई है।